दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 11 | अंक : 238 | लखनऊ, 18 अगस्त, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कोई कमी नहीं : योगी आदित्यनाथ

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि गोरखपुर में अब उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं और संसाधनों की कोई कमी नहीं है और जरूरतमंदों को आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत कोष तथा जनप्रतिनिधियों की निधियों के माध्यम से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री रीजेंसी अस्पताल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो विशेष सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज के इलाज में आयुष्मान योजना की निर्धारित राशि अपर्याप्त होती है तो उसकी मदद मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधियों से की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और रीजेंसी माई केयर नामक पेशेंट ऐप को भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन लोगों को आयुष्मान या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं मिल पाता है, उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दी जाती है। साथ ही विधायकों को भी अपनी निधि से 25 लाख रुपये तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है।

## प्रधानमंत्री के राजमार्ग परियोजना उद्घाटन कार्यक्रम के चलते यातायात मार्ग में बदलाव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से रविवार को यहां दो राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किए जाने के मद्देनजर सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक टिकरी बॉर्डर-पीरागढ़ी राजमार्ग पर और रोहिणी क्षेत्र में यातायात मार्ग में बदलाव किया जाएगा।दिल्ली यातायात पुलिस ने बताया कि रविवार को मोदी रोहिणी में करीब 11,000 करोड़ रुपये की दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। एक्स पर जारी किए गए यातायात परामर्श के अनुसार, यात्रियों को सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक टिकरी बॉर्डर-पीरागढ़ी और रोहिणी क्षेत्रों की सड़कों पर यात्रा से बचने के लिए कहा गया है, क्योंकि कार्यक्रम के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होगी।

## निर्वाचन आयोग के कंधों पर लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक दायित्व : अखिलेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व निर्वाचन आयोग के कंधों पर है और जब आयोग सही रास्ते पर चल पड़ेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा।

यादव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं।

यादव ने कहा, जब निर्वाचन आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। निर्वाचन आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, समाजवादी पार्टी ने वोट की डकैती के 18 हजार शपथ पत्र भारत निर्वाचन आयोग को दिए लेकिन कार्रवाई सिफर रही। उन्होंने कहा कि गलत कार्यों और कारनामों की एक लंबी फेहरिस्त बनती जा रही है, जिनका न तो अब तक कोई जवाब आया है और न ही हमारे दिए गए हलफनामों का कोई उत्तर मिला है।

## पीएमओ को मिली 'गुलामी' से आजादी, सेंट्रल विस्टा में होगा नया ठिकाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आजादी के 78 साल बाद, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) अपने ऐतिहासिक स्थान साउथ ब्लॉक से हटकर सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत बने नए एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में स्थानांतरित होने वाला है। यह अहम बदलाव अगले महीने होगा, जब नया पीएमओ प्रधानमंत्री आवास के करीब स्थित होगा।

### नॉर्थ और साउथ ब्लॉक बनेंगे 'युग युगीन भारत संग्रहालय'

सरकार ने घोषणा की है कि पुराने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को अब 'युग युगीन भारत संग्रहालय' में बदल दिया जाएगा। यह एक बडी पहल है, जिसके लिए राष्ट्रीय संग्रहालय और फ्रांस के संग्रहालय विकास के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए हैं। यह संग्रहालय भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसके इतिहास को प्रदर्शित करेगा। यह देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य की आकांक्षाओं की झलकियां पेश करेगा।

### 'औपनिवेशिक काल के ढांचों से मिलेगी आजादी'

हाल ही में नए प्रशासनिक भवनों का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि दशकों से देश की शासन व्यवस्था औपनिवेशिक काल के ढांचों से चल रही थी, जहां जगह, रोशनी और हवा की भारी कमी थी। उन्होंने कहा कि कई प्रमुख मंत्रालयों को ऐसी मुश्किलों के बीच काम करना पडता था। सूत्रों के मुताबिक, नए पीएमओ को एक नया नाम दिया जा सकता है, जो 'सेवा भावना' को दशार्ता हो। प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार पदभार संभालने के बाद दोहराया, 'पीएमओ जनता का पीएमओ होना चाहिए, यह मोदी का पीएमओ नहीं है।'

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया एन्क्लेव

नए एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में सिर्फ पीएमओ ही नहीं, बल्कि कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय भी होगा। इसमें एक आधुनिक सम्मेलन कक्ष भी होगा, जिसमें पुरानी इमारतों में न मिलने वाली कई सुविधाएं होंगी। सरकार का कहना है कि यह कदम सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था का आधुनिकीकरण नहीं है, बल्कि एक ऐसा स्थान भी तैयार करना है जो भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को दशार्ता हो।

## संविधान के साथ नाचते हैं कुछ लोग, पीएम मोदी का विपक्ष पर तीखा हमला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 11,000 करोड रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संविधान के साथ सिर्फ नाचते हैं, जबकि उनकी सरकार ने हमेशा संविधान का सम्मान किया है।

पीएम मोदी ने कहा, 'कुछ लोग संविधान के साथ नाचते हैं। वे अपनी सरकार में संविधान को कुचलते थे।' यह टिप्पणी विपक्ष के उन आरोपों का सीधा जवाब मानी जा रही है, जिसमें विपक्षी दल मोदी सरकार पर संविधान का उल्लंघन करने का आरोप लगाते रहे हैं।

### श्रमिकों का शोषण करने वाले कानून खत्म किए

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने श्रमिकों का शोषण करने वाले कई पुराने और बेकार कानूनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों से जुडे एक कानून का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'हमारे सफाई कर्मचारियों के पास एक ऐसा कानून था जिसके तहत अगर वे काम पर नहीं आते, तो उन्हें एक महीने के लिए जेल भेजा जा सकता था।' उन्होंने सवाल उठाया, 'वे सफाई कर्मचारियों के बारे में क्या सोचते थे?' पीएम मोदी ने बताया कि उनकी सरकार ने ऐसे शोषणकारी कानूनों को खत्म कर दिया है, जिससे श्रमिकों को सम्मान और सुरक्षा मिली है।

### दिल्ली का विकास, विकसित भारत का आईना

पीएम मोदी ने दिल्ली के विकास को 'विकसित भारत' के मॉडल के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली का विकास इस तरह होना चाहिए कि लोगों को लगे कि यह एक विकसित भारत की राजधानी है।' उन्होंने दिल्ली को एक बेहतर शहर बनाने के अपने संकल्प को दोहराया।

इस मौके पर उन्होंने द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड जैसी परियोजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि UERY-IYIY सडक बनाने के लिए लाखों टन कचरे का इस्तेमाल किया गया है, जो दिल्ली के कूडे के पहाडों को कम करने में भी मदद कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे यमुना सफाई अभियान और इलेक्ट्रिक बसों की बढती संख्या की भी तारीफ की, जो 'ग्रीन दिल्ली, क्लीन दिल्ली' के सपने को पूरा करने की दिशा में एक बडा कदम है।

## सहारनपुर में महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

सहारनपुर , सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र में एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली, जबकि उसकी मां की आत्महत्या की कोशिश को राहगीरों ने नाकाम कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला पारिवारिक कलह से परेशान थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने कहा कि घटना शुक्रवार देर रात हुई जब रेलवे रोड की निवासी शिवाली (45) अपनी मां विनोद गंभीर (65) के साथ पटरियों के पास टहल रही थी।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार, नड्डा ने किया ऐलान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल और भाजपा नेता सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का उम्मीदवार घोषित किया। यह निर्णय भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में लिया गया, जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इसका ऐलान किया। नड्डा ने कहा कि हम विपक्ष से भी बात करेंगे। हमें उनका समर्थन भी मिलना चाहिए ताकि हम सब मिलकर उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित कर सकें।

नड्डा ने कहा कि जैसा कि हमने पहले कहा, हम उनके संपर्क में हैं और हमारे वरिष्ठ नेताओं ने पहले भी उनसे संपर्क किया है और अब भी हम उनके संपर्क में रहेंगे और हमारे सभी एनडीए सहयोगियों ने हमारा समर्थन किया है। सीपी राधाकृष्णन हमारे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में हुआ था। उन्होंने 2003 से 2006 तक तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। राधाकृष्णन ने अपने राजनीतिक सफर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने 31 जुलाई, 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया।

इससे पहले, उन्होंने 18 फरवरी, 2023 से 30 जुलाई, 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। उन्होंने मार्च से जुलाई 2024 तक तेलंगाना के राज्यपाल और मार्च से अगस्त 2024 तक पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।




























## दवा लेने अस्पताल गए युवक की बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चोरों को नहीं रहा पुलिस का भय, चोरों ने मलिहाबाद अस्पताल दवा लेने आए एक युवक की बाइक चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गोसवा दिलावर नगर निवासी महेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर के माध्यम से बताया कि शनिवार शाम को वह अपनी स्प्लेंडर बाइक यूपी 32 एम टी 3139 से लखनऊ हरदोई राजमार्ग के किनारे स्थित मलिहाबाद हॉस्पिटल उसने अपनी बाइक को हॉस्पिटल के पास खड़ी कर वह दवा लेने चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। जब पीड़ित दवा लेकर वापस पहुंचा तो देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब है। पीड़ित ने अपनी बाइक को इधर-उधर काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका पीड़ित ने मलिहाबाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से मामले की जांच की जा रही है।

## मन्दिर में जन्माष्टमी पर्व मना रहे भक्तों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंदा, दर्जनों लोग घायल,5 घायलों की पहचान,एक अज्ञात की मौत

चार लोग प्राथमिक उपचार के बाद घर गए।

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलीबाग बाजार स्थित वरदानी हनुमान मंदिर में जन्माष्टमी पर्व मना रहे भक्तों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंद दिया।करीब दस लोग घायल हो गए,2 की हालत गंभीर है, वहीं एक व्यक्ति की उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार देर रात करीब 12 बजे की है, वरदानी हनुमान मंदिर तेलीबाग में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जा रहा था, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ थी,सब का ध्यान भगवान श्री कृष्ण के जन्मउत्सव की तरफ था। तभी राय बरेली की तरफ से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने भीड़ को टक्कर मार दी,चीख-पुकार मच गई , लोग ड्राइवर को पकड़ने दौड़े तो उसने बैक गियर में गाड़ी दौड़ा दी जिससे पीछे की तरफ खड़े लोग उसकी चपेट में आ गए। फिर दूसरी गाड़ियों में टक्कर मारता चला गया।इस दौरान कार का एक टायर फट गया, लेकिन वह फटे टायर पर ही गाड़ी दौड़ाता रहा। इसी दौरान एक पुलिस का सिपाही बाइक से वहां पहुंचा, और कार का पीछा शुरू कर दिया। यह देखकर ड्राइवर ने कार रोकी, और सिपाही से हाथापाई करने लगा। तब तक पीछे से पहुंचे लोगों ने आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया- घायलों को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आरोपी ड्राइवर की पहचान हुसैनगंज




निवासी अक्षय सिंह के रूप में हुई है। गाड़ी पर भाजपा का झंडा लगा था। आरोपी के खिलाफ तीन जिलों में हत्या और लूट के 8 मामले दर्ज हैं।

### उसकी गाड़ी लहरा रही थी –

प्रत्यक्षदर्शी सुरेश ने बताया- लोग जन्माष्टमी मनाने में व्यस्त थे। उसी समय एक नई उम्र का लड़का स्कॉर्पियो लेकर पीछे से सबके ऊपर चढ़ाता चला गया। इस दौरान उसने डिवाइडर पर भी गाड़ी चढ़ा दी। भीड़ उसके आगे आ गई तो वह गाड़ी बैक करते हुए कुछ गाड़ियों को ठोंकता हुआ चला गया।

उसके बाद फिर आगे को बढ़ाते हुए कुछ और लोगों को रौंदता चला गया। उसकी गाड़ी लहरा रही थी। वह आगे जाकर पकड़ा गया।

हादसे में घायल युवक राजेश की पत्नी नगमा ने पीजीआई थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया- मेरे पति बच्चे के साथ जन्माष्टमी के कार्यक्रम में शामिल होने वरदानी हनुमान मंदिर तेलीबाग जा रहे थे। उसी समय शनि मंदिर चौराहे की की तरफ से एक बेकाबू स्कॉर्पियो (वढ 32 ढे 3317) ने उन लोगों को टक्कर मार दी। पति राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के खड़े लोगों ने कार चालक को रोकने की कोशिश की तो उसने उन लोगों पर भी गाड़ी चढ़ा दी।

घटना में घायल हुए विजय ने बताया- पहले तो वह स्पीड में आया। एक गाड़ी को उसने जोरदार ठोकर मारी। उसके बाद लोगों को मारते चला गया। हम लोगों ने उसे जबरदस्ती रोकने की कोशिश की। तब वह बैक करने लगा। तेजी से बैक करते हुए वह पीछे वाले लोगों को भी रौंदने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान एक व्यक्ति पहले से खड़ी गाड़ी के नीचे चला गया। वह नीचे-नीचे ही घिसट रहा था। जैसे ही वह आगे बढ़ा तो मैं गाड़ी से लड़ गया। गाड़ी से लड़ते ही छिटककर रोड पर लगी रेलिंग में मेरा सिर टकरा गया और आंख के ऊपर चोट लग गई।

### 10 घायलों में 5 की पहचान, 1 अज्ञात

सभी घायल तेलीबाग क्षेत्र के निवासी हैं। अब तक आनंद प्रकाश वर्मा, उनके बेटे 9 साल के आरुष वर्मा, एक अन्य बच्चे युवराज, राजेश,विजय निवासी गल्ला मंडी तेलीबाग की पहचान हुई है। एक घायल की पहचान नहीं हो सकी। उसने दोपहर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह नेपाली मूल का था और तेलीबाग चौराहे पर चाऊमीन का ठेला लगाता था। वहीं, अन्य 4 घायलों को मामूली चोट आई थीं, जो फर्स्ट एड कराकर अपने घर चले गए थे। आनन्द प्रकाश, और राजेश गंभीर रूप से घायल हैं।

### ड्राइवर पर लूट, हत्या, धमकी के 8 मुकदमे दर्ज

पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया- ड्राइवर की पहचान सागर उर्फ अक्षय सिंह के रूप में हुई है। वह नशे में गाड़ी चला रहा था। आरोपी के खिलाफ लखनऊ, बाराबंकी और रायबरेली में लूट, हत्या और धमकी के 8 मुकदमे दर्ज हैं। अभी उससे पूछताछ की जा रही है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि गाड़ी पर राजनीतिक पार्टी का झंडा कैसे लगा हुआ था। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक नेपाली मूल का युवक था लेकिन उसका नाम नहीं मिल पाया, अस्पताल से डेथ मेमो नहीं आया है।

## कंडे निकल रही महिला को सर्प ने डसा, अस्पताल में तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बारिश के सीजन में सर्प दंश की बढ़ती घटनाओं के बीच रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अंटाखेड़ा निवासी आजाद की पत्नी हलीमा (50) घर में खाना बनाने के लिए घर से बाहर बने एक कमरे से चूल्हा जलाने के लिए कंडे/उपला निकाल रही थी तभी उसी में छिपकर बैठे जहरीले सर्प ने महिला के पैर में डंस लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर घर वालों ने तुरंत आनन फानन में उसे लखनऊ पहुंचाया जहां चिकित्सको ने महिला को मृत घोषित किया। जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार हलीमा घर के एक कमरे खाना बनाने के लिए उपला/कंडे में हाथ डाला कि कंडे में छिपकर बैठे सांप ने उसे डस लिया। सांप के काटने के बाद महिला की चीख-पुकार सुनकर दौड़े लोगों ने हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मृतक के परिवार में बेटा सूफियान, रिहान, बउआ हैं, जिससे सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सेवानिवृत्त वन दरोगा मुकद्दर अली को सम्मानित किया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधान वन संरक्षक व विभाग अध्यक्ष यूपी ने सेवानिवृत्त माल के वन दरोगा मुकद्दर अली को सम्मानित किया।मुकद्दर अली को विभाग के प्रति समर्पित एवं अनुशासित अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि मुकद्दर अली ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए तमाम मुश्किल समस्याओं को हल किया है।मुकद्दर अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## घर से लापता युवक का शव तालाब में उतराता हुआ मिला

माल इलाके की घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाजार जाने की बात कहकर निकले युवक का शव तालाब में उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। मृतक के परिजनों के अनुसार माल के भवानी खेड़ा निवासी लवकुश (35) बीते शुक्रवार को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था इसके बाद देर रात तक वह घर नहीं लौटा परिजन चिंतित हुए और उसकी खोजबीन शुरू की। रातभर परिजन गांव और आसपास परिचितों में उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। दो दिन बाद रविवार सुबह गांव से दो किलोमीटर दूर कमालपुर लोधौरा गांव के निकट स्थित एक तालाब में उसका शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। सूचना माल



पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाने के बाद शव को तालाब से बाहर निकलवाया। इसके बाद जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मृतक के परिवार में पत्नी रेनू, बेटे शिवा, शिवांशु, अंशुल, शिवांशी का रो रो कर बुरा हाल है। माल थाना प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

## सेवार्थ हॉस्पिटल में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ भव्य आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। फिरदौस कॉलोनी दुबग्गा में स्थित सेवार्थ हॉस्पिटल में आजादी का जश्न मनाया गया। हॉस्पिटल के संचालक डॉ विमल यादव, डॉ अमरजीत यादव और डॉ धर्मेंद्र पाल की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। हॉस्पिटल के स्टाफ और मरीजों ने मिलकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। संचालकों ने अपने संबोधन में देश की आजादी के महत्व और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे सभी के मन में देशभक्ति की भावना और प्रबल हुई। सेवार्थ हॉस्पिटल के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाया जा रहा है।

## गुप्ता ढाबा संचालक की दबंगई, ग्राहकों से अभद्रता के बाद जमकर पिटाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी में जन्माष्टमी की रात एक बार फिर गुप्ता ढाबा संचालक की दबंगई उजागर हो गई। आरोप है कि गुप्ता ढाबा के संचालक मदन गुप्ता और उसका पुत्र शिवम गुप्ता आए दिन ग्राहकों से अभद्रता और गुंडई करते हैं। बीती रात पास के IM ढाबा में खाना लेने पहुंचे एक ग्राहक से गुप्ता ढाबा संचालक और उसके यहां काम करने वाले जीतू नामक कर्मचारी ने बदतमीजी की। आरोप है कि उन्होंने गंदी-गंदी गालियां दीं और लाठी से हमला कर दिया। ग्राहक ने इसकी सूचना अपने साथियों को दी। कुछ देर बाद पहुंचे युवकों ने गुप्ता ढाबा संचालक पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना से



इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गौरतलब है कि गुप्ता ढाबा पहले भी विवादों में रह चुका है। स्थानीय लोग बताते हैं कि संचालक अक्सर यह कहते हैं कि उन्हें पुलिस का संरक्षण प्राप्त है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गुप्ता ढाबा की दबंगई कोई नई बात नहीं है। कभी चाय वाले पिता-पुत्र को पीटना, तो कभी सड़क पर चलती महिलाओं से अभद्र टिप्पणी करना, यहां तक कि अन्य होटलों में घुसकर लाठी-डंडों से पिटाई करना,यह सब उनकी आदत बन चुकी है। करीब एक माह पहले पीजीआई गेट पर स्थित एक होटल में काम करने वाले तीन युवकों ने भी गुप्ता ढाबा संचालक के खिलाफ पीजीआई पुलिस को तहरीर दी थी। उस समय पुलिस ने जांच की बात कही थी, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ढाबा संचालक को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है, इसी कारण वह बेखौफ होकर इस तरह की हरकतें करता रहता है। करीब एक माह पहले पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की पुष्टि की थी, लेकिन थाने से कुछ ही कदम की दूरी पर स्थित ढाबा अब भी बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है। सवाल यह है कि आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन शाम होते ही पुलिसकर्मी खुद गुप्ता ढाबा पर बैठते नजर आते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या प्रशासन पुलिस वालों को ढाबों पर बैठने की तनख्वाह देता है या जनता की सुरक्षा के लिए। सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जाएं और गुप्ता ढाबा को तुरंत सील कर संचालक के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

अब बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या गुप्ता ढाबा का संचालन मानक लाइसेंस के तहत हो रहा है...? अगर नहीं, तो पुलिस और नगर निगम को तुरंत कार्रवाई कर ढाबे को सील करना चाहिए।

## पीजीआई कोतवाली परिसर में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, भजन-कीर्तन से गूंजा परिसर.....

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। लखनऊ,श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पीजीआई कोतवाली परिसर में शनिवार को भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे बेहद भव्य और अनुशासित ढंग से संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर झूमकर नृत्य किया और देर रात तक जन्माष्टमी की धूम बनी रही।कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक, पत्रकार बंधु, राजनीतिक दलों के नेता सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में ह्यनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकियां सजाई गईं और मध्य रात्रि को कान्हा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने माखन-मिश्री का प्रसाद ग्रहण कर आनंद की अनुभूति की।इस अवसर पर इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे और आपसी एकजुटता को बढ़ावा मिलता है।

## घुसौली गांव के मंदिर पर धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद इलाके के घुसौली गांव में स्थित मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम व श्रद्धा भाव से मनाया गया। मंदिर परिसर को फूलों व झालरों से सजाया गया, वहीं भक्ति गीतों की गूंज बनी रही। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजे बच्चों की प्रस्तुति पर भक्त भाव-विभोर हो उठे। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में बनी रही। वातावरण हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से गूंजता रहा।



## मलिहाबाद के मवई कला गांव में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद इलाके के मवई कला गांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ संतोष कुमार मौर्य के द्वारा एक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप में दुर्गेश प्रताप सिंह और अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा, कौशल मौर्य, रितेश मौर्य, अवधेश मौर्य, विजय मौर्य समेत कई प्रमुख भक्तगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ संतोष कुमार मौर्य ने भगवान श्री कृष्ण की भव्य झांकी सजाकर उनकी पूजा-अर्चना की। इस दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तगणों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान



सभी उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री कृष्ण की आराधना की और उनके आशीर्वाद की कामना की। डॉ संतोष कुमार मौर्य और अन्य आयोजकों ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और उन्हें प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर डॉ संतोष कुमार मौर्य ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन हमें सही मार्ग पर चलने और सच्चाई के प्रति समर्पित रहने की दिशा दिखाते है।

## 28 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्सव ट्रस्ट द्वारा भारतीय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर जनपद सोनभद्र के तीन स्थानों पिपरी - सी०आई०एस०एफ० रिहन्द हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, अनपरा - कन्हैया ट्रेडर्स अनपरा बाजार एवं रेनुकूट में भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद व रेणुकूट प्रेस क्लब के सहयोग से भारत माता एवं देश की आजादी में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले शहीदों को नमन करते हुए दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण, भारत माता की जय के उदघोष के साथ फीता काट कर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें 28 लोगों ने रक्तदान किया। पिपरी शिविर का शुभारंभ चीफ इंजीनियर सुरेश चंद्र व डिप्टी कमांडेंट मुकेश कुमार ने, अनपरा शिविर का शुभारंभ अनपरा के कई गणमान्य लोगों ने एवं रेणुकूट शिविर का शुभारंभ पुलिस अधिकारी अमित कुमार सर्किल ऑफिसर (सी०ओ०) रेणुकूट ने स्वयं पहली बार रक्तदान कर किया। जिले में पहली बार किसी संस्था द्वारा एक ही दिन में तीन स्थानों पर स्वैक्षिक रतदान शिविर का आयोजन किया गया सी०आई०एस०एफ० पिपरी शिविर में कुल 12 रजिस्ट्रेशन में से 8 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में विनोद कुमार, अशित कुमार सरकार, शंभू सिंह, अनूप कुमार दास, दीपक महतो, वीर अभिमन्यु प्रसाद, प्रमोद कुमार पुरी व पाटिल प्रमोद विलास रहे। अनपरा में कुल 26 रजिस्ट्रेशन में 14 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मनीष कुमार गोयल, अभिषेक सिंह, नीरज, रामानुज, आकाश गुप्त, अनिमेश जयसवाल, रवि कुमार शाह, सुमित कुमार मित्तल, अमित गट्टानी, अर्पित भारूका, हबीब अंसारी, विकास अग्रवाल, ऋतिक कुमार व आशुतोष यादव रहे। रेनुकूट में कुल 10 रजिस्ट्रेशन में 6 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में अमित कुमार, इंदल सरोज, आनंद कुमार गुप्ता, आर्दश कुमार पाण्डेय, मणिशंकर सिन्हा व प्रमोद कुमार सिंह रहे आयोजन को सफल बनाने में रेणुकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष अभय भार्गव, भारतीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष मणि शंकर सिन्हा व महासचिव प्रमोद कुमार, अनपरा के संजीव मदान, अनिल जैन, सुरेंद्र भरूका अर्पित भरूका, अनिमेष जायसवाल, इंस्टाग्राम इनफ्लुएंसर संदीप के साथ ब्लड बैंक की टीम डॉ शुभम जैश, डॉ रविंद्र प्रसाद, सरोजा देवी, शैलेंद्र कुमार पाण्डेया, अभय कुमार, सर्वेश देव पाण्डेय, राजू, दिनेश केशरी व उमेश चौबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चार महीने की प्रेग्नेंट महिला की इंजेक्शन लगाने के बाद संदिग्ध परिस्थितियो मे हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद में एक बार फिर पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार गाली गलौज का वीडियो हुआ है वायरल। संवेदनशील मामले में रल्ड द्वारा गाली गलौज का वीडियो हुआ है वायरल। बताया जा रहा की संयुक्त अस्पताल परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब चार महीने की प्रेग्नेंट महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की तबीयत बिगड़ने पर जब उसे अस्पताल लाया गया तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया। लेकिन इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद ही महिला की हालत और खराब हो गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए। गुस्साए ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। हालात बिगड़ते देख मौके पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन यहां तस्वीर और भी चौंकाने वाली सामने आई। ग्रामीणों को संभालने की बजाय रल्ड बभनी पर ही गंभीर आरोप लग गए। कहा जा रहा है कि रल्ड ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि अशोभनीय शब्दों का भी इस्तेमाल किया। रल्ड के इस कथित व्यवहार से गुस्सा और भड़क उठा। इतना ही नहीं, रल्ड का यह कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें उनके द्वारा अपशब्द कहे जाने की बात सामने आ रही है अब सवाल यह उठता है कि आखिर जिस पुलिस से आम जनता को भरोसा और सहारा मिलने की उम्मीद होती है, वही पुलिस के अफसर इस तरह का अमानवीय रवैया क्यों अपनाते हैं रल्ड बभनी पर लगे आरोप इसीलिए गंभीर माने जा रहे हैं, क्योंकि पूरा मामला एक गर्भवती महिला की मौत से जुड़ा हुआ है। परिजनों का दर्द गहराया हुआ था और ग्रामीणों में पहले से आक्रोश था। ऐसे में रल्ड द्वारा कथित रूप से अपशब्द कहना न केवल कानून-व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुँचाता है, बल्कि हालात को और बिगाड़ने वाला भी साबित हो सकता था। किंतु एक बात बिल्कुल साफ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता के साथ शालीन व्यवहार रखने की हिदायत देते रहे हैं। सीएम ने कई मौकों पर सख्ती से कहा है कि संवेदनशील मामलों में जनता के साथ बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन रल्ड बभनी पर लगे ये आरोप और वायरल वीडियो कहीं न कहीं उन्हीं गाइडलाइन्स की धज्जियाँ उड़ाते हुए नजर आते हैं। हालांकि यह भी सच है कि पूरे जिले की पुलिस व्यवस्था को एक ही रंग में नहीं देखा जा सकता। हाल के दिनों में सोनभद्र के कुछ थानों से पुलिस का मानवीय और सहयोगी चेहरा भी सामने आया है। लेकिन अगर इस वायरल वीडियो को सच माना जाए तो यह सीधे तौर पर न सिर्फ सीएम योगी के आदेशों की अवहेलना है बल्कि पुलिस की छवि पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। फिलहाल हम इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता। लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीणा ने जांच कराने की बात कही है। अब देखना यह है कि जांच के बाद रल्ड के इस कथित अमानवीय रवैये पर पुलिस महकमा क्या कार्रवाई करता है और क्या वाकई सीएम योगी आदित्यनाथ की गाइडलाइन्स का पालन जमीनी स्तर पर हो पा रहा है या नहीं।

## विकसित राष्ट्र का संकल्प

आजाद भारत की यात्रा आज 78 वर्ष पूरी हो गयी। इस अवसर पर देश अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। आजादी हमे करीब-करीब एक सदी के संघर्ष और हजारों-लाखों बलिदान के बाद, त्रासद रूप में मिली थी। 22 वर्ष बाद देश के प्रधानमंत्री आजादी की 100वीं वर्ष गांठ पर अर्थात 15 अगस्त 2047 तक विकसित भारत का सपना देखते हैं और देशवासियों से साझा करते हैं, तो यह समझना चाहिए कि यह मुकाम हासिल करने के लिए देश ने लंबी, ऐतिहासिक, जद्दोजहदपूर्ण और सफलताओं से भरी यात्रा की है। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली थी। इसे यूं कह सकते हैं कि अंग्रेज भारत को लूट-खसोटकर, 500 से अधिक रियासतों में देश को अलग-थलग कर, दंगा, अकाल और भुखमरी फैलाकर, देश को अनेक टुकड़ों में बांटकर चले गये थे। एक तरह से भारत को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होना था। वैसे अंग्रेज इस भरोसे गये थे कि भारत संभल नहीं पायेगा। दंगा और अकाल के बीच अस्तित्व खो देगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश ने ऐतिहासिक कुर्बानियां देकर आजादी हासिल की थी। लोग अपने हिसाब से भले यह परिभाषित करें कि हमें आजादी अहिंसा के रास्ते, बिना खड़क, बिना ढाल के मिली, लेकिन ये सच नहीं है। आजादी का सच बहुत भयावह है। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई लड़ी गयी थी जिसे अंग्रेजों ने कुचल दिया था। हजारों लोगों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहादत दी। उसके ठीक नब्बे साल बाद अर्थात 1947 में भारत ने आजादी की सुबह देखी, तो इस तरह पहली लड़ाई से लेकर 15 अगस्त 1947 तक, कुल नब्बे साल तो सीधे-सीधे अंग्रेजों के साथ संघर्ष ही चला। लेकिन उससे पहले भी देश के विभिन्न भागों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह हो रहे थे। अगर उनको भी जोड़ लें तो वास्तव में आजादी का संघर्ष दो शताब्दी से भी अधिक चला और इसमें लाखों-लाख लोग मारे गये। आजादी से ठीक एक साल पहले 16 अगस्त 1946 को जिन्ना ने देश को बांटने के लिए डायरेक्ट एक्शन डे मनाया और एक-दो दिन में ही देश में इतनी हिंसा हुई, जिसमें 10,000 से अधिक लोग मारे गये। यह तो आंकड़ा है। वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक है, क्योंकि जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता की सड़कें लाशों से पट गयी थीं। ऐसे जिन्ना को देश के टुकड़े कर भेंट देने के बजाय, उसको मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन उस समय हमारे कर्णधारों को जो अच्छा लगा वैसा किया। जिन्ना तब देश का सबसे विकसित क्षेत्र पंजाब और सिंध के साथ उस पूर्वी बंगाल को भी ले गये जिसकी सीमा, सभ्यता-संस्कृति और जुबान पाकिस्तान से भिन्न थी। जिन्ना ने पहले देश को हिंसा की आग में धकेला, फिर देश को विभाजित किया, फिर कश्मीर पर कब्जे का प्रयास किया। जिन्ना के बाद उनका देश भारत से लड़ता रहा। चार बार सीधे-सीधे आक्रमण किया और पराजित होकर अब चार दशक से आतंकवाद के रूप में छद्म युद्ध लड़ रहा है। इसके अलावा भी भारत ने कभी सर्जिकल स्ट्राइक, कभी एयर स्ट्राइक और इस साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भी पाकिस्तान की ठुकाई की, लेकिन बार-बार पिटकर, मार खाकर भी बेशर्म पाकिस्तान परेशान करने से बाज नहीं आता। अंग्रेज, जिन्ना और उनके पाकिस्तान द्वारा पैदा की गयी चुनौतियां, हिंसा, अशिक्षा, गरीबी और भुखमरी की भयावह स्थितियों से उबरते हुए आज भारत उस मुकाम पर पहुंचा है जहां दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका भी भारत को उसके संकल्पों से ठिगा नहीं पा रहा। रूस भारत को भरोसेमंद दोस्त मानता है और चीन ताकतवर दुश्मन मानता है। ये स्थितियां यूं ही नहीं बनी हैं। इसके पीछे भारत की सात दशक लंबी तपस्या है। पाकिस्तान, चीन ने युद्ध थोपकर हमे सैन्य शक्ति बनने के लिए प्रेरित किया, अमरीका ने अनाज देने के नाम पर पीएल-480 के जरिए हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया, तो हमारे किसानों ने हरित क्रांति से जवाब दिया। नब्बे के दशक में आर्थिक सुधारों ने हमारे लिए आर्थिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। आज हमारी आर्थिक शक्ति इतनी बड़ी हो गयी है कि अमरीका भी हमसे चिढ़ता है और कमजोर करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद हमारा विकसित भारत का सपना दिनोंदिन आगे बढ़ रहा है। लेकिन भ्रष्टाचार, जाति, सम्प्रदाय एवं भाषावाद, लोक लुभावन राजनीति, सीमा पर तनाव और आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं, हमे इनसे पार पाना होगा।



**विकसित भारत की राह में भ्रष्टाचार, लोकलुभावन राजनीति और आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती भी हैं।**

### विचार

देह ही नहीं जो दिल से भी गुलाम हो गये हैं, वे कभी भी आजादी हासिल नहीं कर सकते हैं।

-महात्मा गांधी.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

कोई देश बिना आजादी के अच्छी तरह नहीं जी सकता है और न आजादी के बिना सत्कर्म को बरकरार रख सकता है।

-रूसो.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा-तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

- महावीर.

# ट्रंप की हरकतों का जवाब है आत्मनिर्भर भारत



मनोहर मनोज




अमरीका के टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का अह्वान किया है। वास्तव में स्वदेशी हमारी अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिहाज से एक ऐसा मंत्री है जिसके सहारे में हम किसी भी व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और टैरिफ जैसी चुनौतियां का सामना कर कर सकते हैं और मजबूती के साथ आर्थिक प्रगति की यात्रा को भी आगे बढ़ा सकते हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन के लिए गेंमचेंजर है। सरकार एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बनाने की बात कर रही है। इसीलिए सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए कई प्रोत्साहनों और स्कीमों घोषणा की है, लेकिन अगर गहराई से देखें तो एमएसएमई की राहें अभी भी आसान नहीं हैं। औद्योगिक प्लॉट, पूंजी, तकनीक, मशीनरी, प्रशिक्षण, कच्चे माल की आपूर्ति, बिजली, परिवहन, मार्केट आर्डर तथा सबसे ऊपर बड़े देशी विदेशी उद्योग से मिलने वाली प्रतियोगिता, ये तमाम बाधाएं किसी भी छोटे कारोबारी के लिए बड़े कारोबारी से ज्यादा कठिन होती हैं। देखने में आता है कि देश के अनेक छोटे उद्यमी कुछ सालों तक व्यवसाय करने के बाद उपरोक्त बाधाओं के आगे घुटने टेक देते हैं। इस बार के बजट में एमएसएमई यानी छोटे, लघु व मध्यम उद्योग को आगामी 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का आधार मानकर उसे प्रोत्साहन देने के हर संभव उपाय घोषित किये गए हैं।

सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमें युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक बल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने आदि में इनकी भूमिका बड़ी मानी जा रही है। दूसरा देश की अर्थव्यवस्था में उत्पादन, रोजगार, आमदनी, निर्यात, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा विकास के विकेन्द्रीकरण इन सभी को ध्यान में रखकर एमएसएमई अब सरकार द्वारा विकास की आगामी ब्यूह रचना का एक बेहद महत्वपूर्ण अवयव माने जा रहे हैं। यही वजह है कि अभी लघु मध्यम उद्योग को लेकर हो रहे विमर्श में अब कई नये पहलू जुड़ गए हैं। मसलन स्वरोजगार, स्टार्ट अप, कौशल विकास, सहकारी क्षेत्र उद्यमी, खाद्य प्रसंस्करण, रुफ टौप सोलर पैनल, हथकरघा, स्व-सहायता समूह व लखपति दीदी, आदिवासी ग्राम विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा, आवास विकास योजना इत्यादि कई शब्दावलियां, स्कीमें व वित्तीय योजना एमएसएमई के विराट इकोसिस्टम में समाहित कर दी गई हैं। इस बार के बजट में ये बात भलीभांति देखने में आयी है कि सरकार लघु मध्यम उद्योगों के लिए कच्चे माल, मशीनरी, फायनेंस, मार्केट, प्रशिक्षण और राजकोषीय प्रोत्साहन इन सभी सुविधाओं का एक बहुस्तरीय प्रोत्साहन पैकेज शुरू करने को लेकर काफी गंभीर है। इसके तहत सरकार द्वारा एमएसएमई का दायरा काफी विस्तृत कर दिया गया है। जैसे कि छोटे उद्योग के तहत निवेश सीमा मौजूदा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, लघु उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ तथा मध्यम उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 50 करोड़ से बढ़ाकर 250 करोड़ कर दी गयी है।

इस क्रम में नयी घोषणा ये है कि सेवा और विनिर्माण उद्योग को उनकी निवेश सीमा के मुताबिक पूरे तौर पर एमएसएमई के मातहत रख दिया गया है जिसकी सारी सुविधाएं और प्रोत्साहन इन्हें प्रदान की जायेंगी। तीसरी बात ये की गई है कि किसी मैन्यूफैक्चरिंग एमएसएमई को मशीनरी खरीदने के लिए क्रेडिट गारंटी लोन बिना किसी कोलेटरल या थर्ड पार्टी की गारंटी के प्राप्त होंगी। इसी क्रम में मोदी सरकार की बहुप्रचारित मुद्रा लोन योजना में दी जाने वाली अधिकतम ऋण सीमा दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख कर दी गई है। इस लोन को तीन श्रेणियों मसलन शिशु किशोर वयस्क में बांटा गया है जिससे अलग अलग लेवल के स्वरोजगार व्यवसाय को बढावा दिया जा सके। एमएसएमई को लेकर इन सारे उपायों पर एक सरसरी निगाह डाली जाये तो इसमें दिक्कत बस ये दिखती है कि एमएसएमई सेक्टर को लेकर इस समय सरकार के पास एक नहीं अनेक चैनल व एजेंसियां हैं, लेकिन इनमें आपस में तादात्मय स्थापित होना बाकी है। मिशाल के तौर पर एमएसएमई मंत्रालय के अलावा केंद्र सरकार के कौशल विकास मंत्रालय, युवा विकास मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, योजना मंत्रालय सभी एक तरह से छोटे उद्योगों के नोडल एजेंसी के बतौर कार्यरत हैं। इन के अलावा श्रम मंत्रालय व वित्त मंत्रालय अपनी अपनी तरफ से परामर्श, दिशा-निर्देश व प्रोत्साहन प्रदान करते रहते हैं। राज्य सरकारों की भी अपनी संस्थाएं और स्कीमें अलग हैं। ऐसे में एमएसएमई में पंजीयन से लेकर तमाम सरकारी सहयोग व सुविधाओं का एक विंडो बनाया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम देश में छोटे, लघु व मध्यम उद्योग की एक पूरी तस्वीर का अवलोकन करें तो देश में पंजीकृत एमएसएमई उद्योगों की कुल संखया 3.64 करोड़ है जिनसे करीब 16 करोड़ लोगों की आजीविका चल रही है और यह हमारी कुल श्रमशक्ति का करीब 40 फीसदी है। इनमें देश के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के कुल उत्पादन का 38 फीसदी तथा निर्यात क्षेत्र का 45 फीसदी योगदान है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद में इसका कुल योगदान देखें तो यह 30 फीसदी है। बताते चलें कि 1990 के दशक में नयी आर्थिक नीति के बाद यह बहस तेजी से छिड़ी कि उदारीकरण व भूमंडलीकरण से देश के बचे छोटे मध्यम उद्योग बड़े उद्योग के साये तले मिट जाएंगे या उनकी प्रतियोगिता में नहीं टिक पाएंगे। लेकिन छोटे, लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों ने देश की अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान बनाये रखी बल्कि उत्पादन, रोजगार और निर्यात में भी अपनी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाये रखी। घरेलू औद्योगिक पटल पर जहां बड़े उद्योग के मातहत मध्यम उद्योग भी टिके रहे, मध्यम उद्योग के मातहत लघु उद्योग भी टिके रहे और लघु उद्योग के मातहत छोटे उद्योग भी टिके रहे। सेवा व्यापार क्षेत्र में यदि शॉपिंग मॉल आए तो छोटे किराना दुकानदार भी अस्तित्व में रहे।

नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। आज भी अनेकानेक सेवा उद्योग में अलग अलग एजेंसियों की रूलिंग व दिशा निर्देशों की भरमार कायम हैं, बहुस्तरीय लाइसेंसिंग प्रणाली मौजूद है और इंसपेक्टर राज के साथ स्थानीय पुलिस की हफतावसूली भी बदस्तूर कायम है। जब सरकार ने रियल इस्टेट क्षेत्र को लेकर ये स्पष्ट आदेश दिया है कि इसमें पुलिस की दखलंदाजी निषिद्ध होगी तब जाकर यह क्षेत्र उत्पीड़न से बचा। कहना होगा कि मोदी सरकार की मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेन्स अभी भी जमीन पर नहीं उतर पाई है। हालांकि पिछले तीन दशक में लघु मध्यम उद्योग पहली बार सरकार की प्राथमिकता में अपनी महत्ता हासिल कर रहे हैं।

**नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। छोटे उद्यमों को लाइसेंस, परमिट राज से पूरी तरह आजाद करने की जरूरत है ताकि वे देश की आर्थिक प्रगति में पूरा योगदन से सकें।**

**एसएमई को औद्योगिक इकोसिस्टम की दरकार**

### सोशल मीडिया

14 अगस्त 1947 का दिन दुनिया के इतिहास में बर्बरता व विभीषिका का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम.



जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की आपदा के कारण आयी तबाही में कई लोगों की मौत एवं कईयों के लापता होने की खबर बहुत ही दुखद है।

राहुल गांधी.



हमारी सरकार भारत के विकास में बेंगलुरू के योगदान को गहराई से महत्व देती है और हम इस महान शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नरेन्द्र मोदी, पीएम.



## श्रद्धा का स्वरूप

### अंतर्दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है।

सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है। श्रद्धा या आस्था के अनेक स्वरूप हैं और हरेक स्वरूप मानवीय जीवन को उत्कृष्ट बनाता है और सामाजिक जीवन को जीवंत करता है।

## प्रेम का सेल्फियाना अंदाज

### व्यंग्यलोक

इन दिनों मैं भी प्यार का इजहार करने के इसी सेल्फियाना तरीके का प्रेमी चल रहा हूं। जब कुत्तों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। जब गधों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ भी सेल्फी ले लेता हूं। जब अपनी तरह के रंगे सियारों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। अब आप ही बताइए कि प्रेम के सेल्फियाना दौर में सूफीयाना प्रेम कैसे संभव होगा भला? अबके भी हर उत्सव, महोत्सव की तरह इधर आजादी का महोत्सव भी आया। उत्सव हो या महोत्सव, माफ कीजिएगा, अपने शहर में सब अब बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ फेसबुक पर ही मनाये जाते हैं। बाकि तो छोड़िए, अब तो मरने वाले के साथ तक हर्षोल्लास के साथ सेल्फी लेने के दिन आ गए हैं। अपनों और अपने उत्सवों के प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति का प्रदर्शन करने के लिए मन मेंप्रेम नहीं, अपने मोबाइल से उत्सव के संग सेल्फी लेने की कुशल तकनीक होनी चाहिए बस! प्रेम, श्रद्धा, भक्ति तो अब बीते जमानों के शब्द हो गये हैं। जिसके पास यह तकनीक जितनी बेहतर है वह अपनों, अपनी परंपराओं, उत्सवों के संरक्षण में उतना ही माहिर। वैसे मैं आजादी के उत्सव का महीना आने से पहले ही दूसरे सारे जरूरी काम स्थगित कर सोचने लग गया था कि अबके किसके साथ सेल्फी ले अपने फेसबुक अकाउंट पर डालूं। देश को आजाद करवाने वालों के साथ या फिर तिरंगे के साथ। या फिर देश को चरने-चराने वाले की तस्वीर के साथ। फिर सोते सोचते मैंने सोचा कि आजादी के महोत्सव वाले दिन तिरंगे के साथ वाली सेल्फी ही अच्छी रहेगी। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करवाया था, उनको आज जानते ही कितने हैं? वे भी नहीं जानते जो उनकी बीजी फसल जनता के हाथों में दरातियां दे काट रहे हैं। सो मैंने फाइनली तय किया कि तिरंगे के साथ सेल्फी ले उसे अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर मैं भी देशभक्त हो जाऊं। यह दूसरी बात है कि आजादी के इस दिन के आसपास अबके पहले से अधिक फेसबुक पर देशभक्तों की बाढ़ आ गई है। फेसबुक के सब्र का बांध टूटने के कगार पर है। जो रात को देश को पूरा चाट कर सो रहे हैं वे सुबह अव्वल दर्जे के देशभक्त बन फेसबुक पर कुल्ला, जीभमंजन कर रहे हैं। गूगल पर तिरंगों की फोटुओं की भीड़ में मैंने अपने थोबड़े से बेस्ट सूट करता तिरंगा डाउनलोड़ कर सेव किया और फिर उसे फोटोशॉप पर जाकर अपने माथे पर, गालों पर, छाती पर कट पेस्ट कर लगा लिया। बस, अब इसे फेसबुक पर डालने की देर थी। इधर मैंने पूरी मुस्तैदी से तिरंगे के साथ वाली अपनी फोटों फेसबुक पर डाली कि उधर से मेरी देशभक्ति को लेकर मेरी जमात के फेसबुकिया देशभक्तों का समुद्र उमड़ पड़ा। आह! कितना ग्रेट देशभक्त हूं मैं!



अशोक गौतम

## युगधर्म के संस्थापक और पूर्णावतार हैं भगवान कृष्ण



**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष**

**अरुण कुमार दीक्षित**

श्री कृष्ण पूर्णावतार हैं। श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के सर्वाधिक प्रभावशाली इतिहास पुरुष हैं। कृष्ण का महाभारत, गीता, भागवत, विष्णु पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, पद्म पुराण, भक्तिकालीन महाकाव्यों, संस्कृत साहित्य में मुख्य रूप से वर्णन है। कृष्ण भारतीय संस्कृति के संरक्षक हैं। कृष्ण युग धर्म के संस्थापक हैं। वे भारत की गौरवशाली संस्कृति के स्तम्भ हैं। श्रीकृष्ण जी नेकहाहै कि यह जो जगत है उसका कारण मैं ही हूं। इस तरह अंतरिक्ष एक नहीं, अनेक हैं। सूर्य भी अनेक हैं। यह वायु हम ही हैं। सम्पूर्ण प्राणियों का बीज मैं ही हूं। आपको वृक्ष दिखाई देते हैं। वृक्षों में अश्वत्थ (पीपल) मैं ही हूं। तेज वायु में वृक्ष झुक रहे हैं फिर सीधे तन रहे हैं, पुनः खड़े हो रहे हैं, मैं ही हूं। वृक्षों में पुष्प आ रहे हैं, वह हम ही ला रहे हैं। पुष्पों की गन्ध -सुगंध हम ही हैं। पुष्पों से बीज बन रहे हैं, हम ही बीज हैं। नदियां कल-कल निनाद करती बह रही हैं, वह हम ही हैं। उनकी लहरें मैं ही हूं। सूर्य रश्मियों में जो धवल जगमग है, वह भी मैं हूं। सूर्य तो हूं ही, चंद्रमा भी मैं ही हूं। कृष्ण बड़े अदभुत दिखाई पड़ते हैं वह कहते हैं आकाश भी हम हैं।

तारे-नक्षत्र भी मैं ही हूं। पृथ्वी मैं हूं। सागर भी मैं हूं। वेदों में साम हूं। ऋतुओं में बसंत हूं। यह जो कुछ दिखाई देता है जगत में, जो दृश्यमान हो रहा है, वह हम ही हैं। मगर वह यह नहीं कह रहे हैं कि केवल मैं ही हूं। जब यह कहते हैं कि सब दिशाओं में मैं ही हूं तब यह भी कह रहे हैं कि तू भी है। और तू है वही मैं भी हूं। यह बात बिल्कुल उपनिषदों की तरह की मैं ही ब्रह्म हूं। और जब कृष्ण कह रहे हैं कि मैं ब्रह्म हूं तो तुम भी तो ब्रह्म हो। वह विराट हैं। कोई शब्द देना पड़ेगा विराट उनके लिए छोटा हो सकता है। कृष्ण को समझने के लिए विराट दृष्टि होनी चाहिए तभी समझ आ सकती है। कृष्ण महाभारत युद्ध में अर्जुन के सारथी हैं। वे पूर्ण अवतार कृष्ण अपने शिष्य अर्जुन का रथ हांक रहे हैं। यह बहुत बड़ी घटना है कि वह नीचे बैठे हैं रथ में। और अर्जुन उनका मित्र है। शिष्य है। सखा है वह ऊपर बैठा है। युद्ध में भगवान नीचे बैठे हैं। घोड़ों की लगाम उनके हाथ में है।

भारतीय सनातन दर्शन में पूरी सृष्टि की लगाम नियंत्रण उस एक के हाथ में ही है। ऋषि और ज्ञानी जन यही कहते आये हैं। और अर्जुन रथ पर है। ऊपर बैठा है। कृष्ण नीचे बैठे हैं। इस तरह से बैठे हैं कि वह पहले से ही तय कर चुके हैं कि वह युद्ध में पूरा का पूरा हैं मगर पूरी महाभारत में कि कृष्ण युद्ध नहीं करेंगे। यह और हैरानी की बात है। कृष्ण को यहां समझ सकते हैं कि वह निरहंकारी ही हैं। अहंकार होता तो वह ऊपर बैठते। अर्जुन नीचे बैठता। अर्जुन को युद्ध में सुविधा होती कि कहीं भागना न पड़ जाए। मगर कृष्ण नीचे बैठने को राजी हैं। वह बैठे ही नीचे हैं। युद्ध के आरंभ के पूर्व दोनों सेनाएं आमने-सामने हैं। अनेक प्रकार के शंखनाद हो रहे हैं। अर्जुन देखता है कि रिश्तेदार नातेदार, उनके मित्र, मित्रों के भी मित्र हैं। पुत्र खड़े हैं। उनके भी पुत्र हैं। दादा हैं। परदादा हैं। जिन्होंने युद्ध विद्या दंडनीति, सिखाई। शिक्षा बताई, वह भी हैं। युद्ध को तत्पर हैं। वे सभी युद्ध में मारे जाएंगे। अर्जुन विषाद में घिर जाता है। कृष्ण से प्रश्न करता है कि यह सभी युद्ध में मारे जाएंगे, ऐसे तो संपूर्ण विश्व की राज्य भूमि मिले तो भी वह युद्ध नहीं करेगा। कृष्ण समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि तू क्षत्रिय है। क्षत्रिय धर्म युद्ध ही है। युद्ध नहीं किया तो अपकीर्ति होगी तेरी। मृत्यु तो पूर्व से निश्चित है। तू युद्ध लड़ते मर गया तो कीर्ति होगी। योद्धा की तरह। शोक कायर करते हैं। युद्ध से मृत्यु से डरते हैं। तू क्यों चिंतित होता है तू तो क्षत्रिय है। तू निमित्त मात्र है तू कर्म कर फल की चिंता न कर। वे कहना चाहते हैं। अर्जुन से कि तू भाग रहा है। कहां जा रहा है? वहां भी मैं हूं।

कृष्ण को व्यक्तित्व के खांचे में नहीं लाया जा सकता। उन्हें सब स्वीकार है। लगता है वही साक्षी भाव है। महाभारत युद्ध हुआ द्वापर में। उसी लग्न मुहूर्त में कृष्ण के वे शब्द अक्षर ब्रह्म हो गए। उन्हें ही गीता कहा गया। गीता सनातन का अन्तर्संगीत बनी। दुनिया भर के देश गीता पर विचार मंथन करने को तैयार हैं। कोई पांच हजार वर्ष पहले की बात है और अब तक यह गीता की यात्रा है। उसी को उपनिषद कह रहे हैं कि यह जो जगती में जगत है, वह सब ईश व्याप्त है। सब ईश्वर ही है। महाभारत में उनकी सेना शत्रु के पक्ष से है। यह इसके पहले तो नहीं हुआ होगा युद्ध में। आज तो असंम्भव ही है कि नेतृत्वकर्ता ही युद्ध नहीं करेगा तो कैसा युद्ध। मगर कृष्ण हैं तो युद्ध और शांति साथ -साथ हैं। अस्तित्व में सृजन-विध्वंस साथ-साथ प्रतिपल होता रहता है।

## आप की बात

### महिलाओं को धुएं से आजादी

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बारिश से सड़कें खस्ताहाल

हर बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने काम शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने और मजबूत सड़क बनाने की जरूरत है।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

## संक्षेप

### मकान का लेंटर तोड़ते समय अचानक मजदूर नीचे गिरकर हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर लिंटर तोड़ते समय छत से गिरकर घायल हो गया। यह घटना एक पुरानी मकान को तोड़ने के दौरान हुई। घायल मजदूर को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से इलाज के बाद कानपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। दरअसल बांगरमऊ कस्बा टोला निवासी रवि पुत्र बच्चन उम्र 40 वर्ष रोज की तरह आज रविवार को अपने साथी मजदूर रशीद के साथ आसत गांव में मजदूरी करने गए थे.जहां पर पुराने मकान की छत तोड़ रहे थे.इसी दौरान मशीन के झटके से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया.खून से लतपथ मजदूर को देखकर हर कोई के होश उड़ गए.हालांकि उसके साथी मजदूर रशीद ने एंबुलेश की मदद से उसे सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया.जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है ।डॉक्टर के अनुसार मरीज हालत चिंताजनक बताई जा रही है ।वही परिजनों और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

### रहस्यमय ढंग से ससुराल से महिला हुई लापता




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।महिला दवा लेने के बहाने घर में रखे नगद रुपए व कपड़े जेवरात पहन कर रहस्य मय ढंग से लापता हो गई पत्नी के गायब होने की सूचना पर विदेश से लौट पति ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया

कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदेमऊ निवासी अमरपाल पुत्र राम सजीवन ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी पत्नी शिव कन्या देवी इंदेमऊ चौराहे पर दवा लेने के लिए घर से कह कर गई थी लेकिन वह दोबारा वापस घर नहीं लौटी घर नहीं लौटने पर घर वालों ने खोजबीन की कही पता नहीं चलने पर मुझे फोन से सूचना दी जैसे ही मुझे इसकी सूचना पहुंची मैं विदेश से तत्काल अपने घर आया और खोजबीन प्रारंभ किया लेकिन मेरी पत्नी का कहीं अता-पता नहीं चल सका है मेरी पत्नी अपने जेवरात गहने भी पहने हुए हैं साथ में घर में रखे रुपए 23 !000 /व कीमती कपड़े भी साथ लेकर चली गई है तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# कूड़ा उठाते नजर आए छात्र, अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। ब्लॉक के आदमपुर भांसी प्राथमिक विद्यालय का एक वीडियो बीते सोमवार 11,08,2025 को सोशल मीडिया पर आग की तरह फैला, जिसमें मासूम बच्चे बोरी में भर-भरकर कूड़ा उठाते और स्कूल परिसर से बाहर फेंकते दिख रहे हैं।इस कृत को *अमन लेखनी समाचार* प्रमुखता से सबके सामने लाया था अधिकारियों के संज्ञान में भी किया था अधिकारियों ने संज्ञान तो लिया लेकिन कार्यवाही जितनी धीरे हो रही है शायद ही कोई कार्यवाही हो उम्मीद तो नहीं है कार्यवाही की यह दृश्य न केवल बच्चों के अधिकारों पर चोट करता है, बल्कि हमारी शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को भी बेनकाब करता है ।वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग हरकत में आया या कहें, हरकत का दिखावा किया। बीईओ दीपेश कुमार ने बयान दिया कि ‖यदि वीडियो सही पाया गया तो शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा‖ और बीएसए को पत्र भेजा जाएगा।उसी शाम आरोपी शिक्षक को नोटिस भी थमा दी गई।



## वायरल वीडियो पर बीईओ ने लिया संज्ञान, नोटिस की जारी

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।ब्लाक क्षेत्र के आदम पुर भांसी गांव के प्राथमिक विद्यालय में बीते सोमवार को सुबह 1.30 बजे सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो गई, वायरल फोटो में विद्यालय के बच्चे विद्यालय का कूड़ा करकट बोरी में भरकर बाहर फेंकते नजर आ रहे हैं जिसकी खबर अमन लेखनी अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित कर अधिकारियों के संज्ञान में लाया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर जवाबतलब किया। हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के आदम पुर भाषी गांव के प्राथमिक विद्यालय का सोमवार को 1.30 बजे एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, वायरल वीडियो में विद्यालय के बच्चे एक बोरी में कूड़ा करकट भरकर विद्यालय के बाहर फेंकते नजर आ रहे है, जिसकी खबर अमन लेखनी अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित कर अधिकारियों के संज्ञान में लाया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार ने पत्र जारी कर शिक्षक से जवाब तलब किया, बी० ई०ओ० दीपेश कुमार ने बताया की नोटिस जारी कर शिक्षक से जवाब मांगा गया है कार्रवाई के लिए बी०एस०ए को पत्र भेजा जाएगा और आश्वासन दिया है की कार्यवाही जरूर की जाएगी।



### लेकिन सवाल यह उठता है —

क्या बच्चों से कूड़ा उठवाने जैसी शर्मनाक हरकत पर सिर्फ नोटिस थमाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल देना ही विभाग का तरीका बन चुका है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का आरोप है कि जब भी ऐसे मामले सामने आते हैं, शिक्षा विभाग नोटिस जारी कर मीडिया का शोर थमने का इंतजार करता है। उसके बाद न तो दोषियों पर ठोस कार्रवाई होती है, न ही स्कूलों में सुधार के कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं। यह नोटिस कल्चर असल में पत्रकारों और जनता को शांत करने का साधन बन गया है ।शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) साफ कहता है कि किसी भी बच्चे से श्रम नहीं कराया जा सकता। बावजूद इसके, आदमपुर भांसी स्कूल में बच्चों को कूड़ा उठाने के लिए मजबूर करना विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल है। क्या बच्चों का भविष्य किताबों और खेल के मैदान में नहीं, बल्कि कूड़ेदानों के बीच लिखा जाएगा,तो आरोपी शिक्षक के खिलाफ विभागीय जांच तुरंत शुरू होनी चाहिए, न कि महीनों तक स्पष्टीकरण और पत्राचार में मामला घुमाया जाए।क्योंकि इस देरी में बच्चों की पढ़ाई और आत्मसम्मान दोनों कुचले जाते हैं। विभाग की नजर में बच्चों की शिक्षा सिर्फ फाइलों और योजनाओं का हिस्सा है, जमीनी हकीकत में उनकी अहमियत कूड़े के बराबर भी नहीं!

बी ई ओ दीपेश कुमार ने बताया कि नोटिस जारी कर दी गई थी और शिक्षक को समय दिया गया है जवाब देने के लिए

अवकाश होने की वजह से मामला रुक गया है जवाब जरूर लिया जाएगा।।

उम्मीद है कि इस मामले में जल्द ही कार्यवाही होगी और स्कूल में काफी मात्रा में सुधार किया जायेगा।

# जिम्मेदारों ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने खुद बना डाली सड़क

## तहसील मिहींपुरवा के महेशपुर बेलहन संपर्क मार्ग का मामला


अमन लेखनी समाचार /मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच।प्रदेश की योगी सरकार भले ही सड़कों के निर्माण व रखरखाव के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो और बहुत सी सड़क बेहतर तरीके से बनाई भी जा रही वहीं कुछ जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे वहां का आवागमन सुगम नहीं हो रहा है ।पीड़ित ग्रामीणों ने खुद कमान संभाली और चंदा इकट्ठा कर सड़क का मरम्मत कर डाला। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के ग्रामीणों ने वह कर दिखाया, जो जिम्मेदार विभाग नहीं कर सका। बेलहन के महेशपुर से नौसर गुमटिहा मार्ग पर जर्जर सड़क को ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर जनसहयोग से दुरुस्त कर डाला।इस मार्ग पर गड्ढों व जलभराव के कारण स्कूली बच्चों व आम ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। शिकायतें कई बार अधिकारियों तक



पहुंचाई गईं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर ग्रामीण सरदार गुरजीत सिंह, अवतार सिंह, अमित कुमार, सरदार कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त आर्मी) सहित अन्य लोगों ने अपनी जेब से खर्च कर टूटी हुई करीब 30 मीटर सड़क की मरम्मत कर दी और जल निकासी की व्यवस्था हेतु बिम डाला।ग्रामीणों की इस पहल से रास्ता सुगम हो गया है। लोगों ने जहां इस कार्य की सराहना की है, वहीं जिम्मेदारों की उपेक्षा पर नाराजगी भी जताई है।उल्लेखनीय है कि यह मार्ग महेशपुर से नौसर गुमटिहा होते हुए पेटरहा-नैनिहा मार्ग से हाईवे को जोड़ता है।

# लोन नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने से सैकड़ो बीघा फसल हुई जलमग्न



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लोन नदी में पानी का जलस्तर अधिक बढ़ने से नदी के किनारे की सैकड़ो बीघा कृषि भूमि पानी में डूबी व कई रास्तों में भी पानी भरा जिससे आवागमन हुआ बाधित तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के दर्जनों गांवों के किनारे से होकर लोन नदी निकली हुई है लोन नदी में अचानक जल स्तर लगातार बढ़ने से लोन नदी के किनारे की सैकड़ो हजारों बीघा कृषि भूमि बोई हुई फसल मूंग उड़द कुमड़ा तिली सहित आदि फसले पानी में डूब गई वही कुछ रास्तों में भी पानी भर जाने से लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर अपने मुख्य मार्ग पर आना पड़ रहा है ग्राम सलेथू कटहर गढ़ा कोला जाजनपुर अपसरी बनपुरा अढौली शुक्ला खेड़ा भैरमपुर खेसुवा रामपुर लोन आदि गांव लोन नदी के किनारे बसे हुए हैं जिनके ग्रामीणों के किसानों का नुकसान हुआ है

**बीघापुर कैंची मोड़ से पुरवा जाने वाले मुख्य मार्ग में लोन नदी पर बनाए जा रहे निमार्णा धीन पुल का कार्य पूरा न होने के कारण आवागमन जल स्तर बढ़ जाने से पूर्ण रूप से बंद हो गया है जिससे राहगीरों को समस्या हो रही हैं।**

# धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई। रात 12 बजे घर-घर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, जयकारे लगते रहे। मंदिरों में भी जन्माष्टमी पर कार्यक्रम हुए। कई बच्चों को कान्हा बनाकर सजाया गया। बीती देर शाम शुरू हुए भजन-कीर्तन का सिलसिला कृष्ण जन्म होने तक चलता रहा। लाउडस्पीकरों पर बजते भजनों से भक्ति का माहौल रहा। भक्तों ने उपवास रखकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की। रात के 12 बजते ही आरती, पूजन और शंखनाद के साथ श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव शुरू हो गया। जय कन्हैया लाल की मंदिरों में पुजारियों तो घरों में भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। इसके बाद हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की,




यशोदा जायो लल्ला, मचो है आज हल्ला के जयकारों और भजनों से मंदिर व घर गुंजायमान होते रहे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद आरती व प्रसाद वितरण कर लोगों ने लड्डू गोपाल से सुख, समृद्धि की कामना की। पुलिस लाइन सहित अधिकांश पुलिस थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई ।पुलिस थानों में हुए भव्य कार्यक्रम पुलिस ने भी थानों के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के मनाया। पुलिस लाइन मंदिर का आकर्षक श्रृंगार किया गया। रात बारह बजे डीएम गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर व एएसपी अखिलेश सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ पूजन किया। प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद ने प्रसाद वितरण कराया। इसके पूर्व सायं से भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जो रात 12 बजे तक चले। पुलिस थाना गंगाघाट, कोतवाली, दही, अजगैन, सोहरामऊ, सफीपुर, बांगरमऊ, माखी, बेहटा और पुरवा में पुलिसकर्मियों ने एकजुट होकर जन्माष्टमी का पर्व मनाया। प्रत्येक थाने में श्रीकृष्ण के चित्र की पूजा की गई और विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी और मिलकर खुशी मनाई। गंगाघाट पुलिस थाना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की विशेष पूजा अर्चना की गई ।थाने में झूला सजाया गया और कृष्ण के बाल रूप की आराधना की गई। यहाँ के पुलिसकर्मियों ने भजन-कीर्तन किया और श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित कहानियां साझा कीं। कोतवाली थाने में भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। थाने में सजावट के साथ-साथ कृष्ण भजन का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने इस अवसर पर विशेष भजन संध्या का आयोजन किया और श्रीकृष्ण के जीवन की महिमा पर प्रकाश डाला। दही पुलिस थाने में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खास तैयारी की गई। थाने में जन्माष्टमी की झांकियां सजाई गईं और भव्य तरीके से पूजा अर्चना की गई। पुलिसकर्मियों ने इस अवसर पर मिलकर प्रसाद वितरित किया और कृष्ण जन्म के महत्व को लेकर चर्चा की। अजगैन, सोहरामऊ, सफीपुर, बांगरमऊ, माखी, बेहटा, और पुरवा पुलिस थानों में भी इस पावन पर्व का आयोजन धूमधाम से हुआ। यहाँ के पुलिसकर्मियों ने कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा विधिपूर्वक की और एकजुट होकर इस खुशी के मौके को सेलिब्रेट किया। उन्नाव में जन्माष्टमी के इस पर्व ने सभी को एकजुट किया और हर किसी ने इस पावनअवसर का आनंद लिया। पुलिस कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने भी इस पर्व को मिलकर खुशी से मनाया और श्रीकृष्ण के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा अर्पित की।

# आदर्श समाज सेवा समिति के प्रांतीय विधिक सलाहकार का हुआ निधन

**समिति कार्यालय पर आयोजित हुई शोक सभा**

**एडवोकेट मनोजकान्त पाठक के निधन पर पदाधिकारियों ने जताया दुख**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रांतीय विधिक सलाहकार एडवोकेट मनोज कांत पाठक के आकस्मिक निधन पर बाबागंज समिति कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर समिति महामंत्री जगराम वर्मा ने कहा कि आदर्श समाज सेवा समिति ने अपना एक कर्मठ पदाधिकारी खो दिया है जो संस्था के




लिए अपूर्णनीय क्षति है। वही संगठन मंत्री बद्री सिंह ने बताया कि मनोजकांत पाठक संस्था के पद पर सदैव समर्पित रहने वाले लोकप्रिय समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे। समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा ने आदर्श समाज सेवा समिति के विधिक सलाहकार व एडवोकेट मनोजकांत पाठक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। शोकसभा के इस मौके पर नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम सहित समिति पदाधिकारी अरुण सिंह, शाहिद हुसैन, शमीम अहमद, सरोज मिश्रा, रामबरन वर्मा, शिवकुमार, उमेश गौतम सहित दर्जनों समिति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जनपद को मिली तीन सौगातें

## थाना मटेरा के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन के कार्य संचालन का हुआ प्रारम्भ

- नवीनीकृत कानूनगोपुरा पुलिस चौकी का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन
- श्री सिद्धनाथ महादेव पुलिस चौकी के नाम से जानी जायेगी कानूगोपुरा पुलिस चौकी
- डीएम व एसपी के हाथों महिला थाना नानपारा के नवनिर्मित प्रशासनिक कक्ष का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह की उपस्थिति में नवनिर्मित थाना मटेरा के प्रशासनिक भवन में कार्य सरकार प्रारम्भ किया गया। उल्लेखनीय है कि थाना मटेरा के बहुप्रतीक्षित नवनिर्मित प्रशासनिक का लोकार्पण मुख्यमंत्री, उ.प्र. योगी आदित्यनाथ द्वारा 10 जून 2025 को किया जा चुका है, जिसमें प्रशासनिक कार्यों का संचालन प्रारम्भ किया गया है। ग्राम गौरा धनौली स्थित थाना मटेरा के नवनिर्मित प्रशासनिक, आवासीय भवन में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित तीन मंजिला भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया है जिसमें महिला हेल्पडेस्क, महिला सम्मान कक्ष, दिवसाधिकारी कक्ष, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, थाना प्रभारी कक्ष, पुरुष वमहिला लॉकअप, मालखाना, शस्त्रागार, सभा कक्ष, थाना प्रभारी,हेड मुहर्रिर आवास, महिला विश्राम कक्ष, बैरक, मेस, आवासीय भवन व महिला, पुरुष आगंतुक शौचालय आदि का निर्माण किया गया है।0.160 हेक्टेयर में निर्मित थाना परिसर में समुचित पार्किंग व्यवस्था मौजूद है। थाना परिसर मे वृक्षारोपण कर परिसर



को हरा-भरा बनाया जा रहा है।साथ ही जिलाधिकारी बहराइच महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महामंडलेश्वर श्री सिद्धनाथ मंदिर स्वामी रवि गिरी जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित जीर्णोद्धारित पुलिस चौकी कानूनगोपुरा का उद्घाटन करते हुए चौकी का नामकरण श्री सिद्धनाथ महादेव पुलिस चौकी के रूप में किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा संभ्रांत जनों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिला थाना प्रभारी नानपारा द्वारा फीता कटवाकर नवनिर्मित प्रशासनिक कक्ष का उद्घाटन किया गया।नवनिर्मित प्रशासनिक कक्ष से जनसुनवाई में मदद मिलेगी तथा महिला थाना की कार्यक्षमता और भी बढ़ेगी तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस बल के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मिहींपुरवा नगर पंचायत में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच ।बलहा विधानसभा के नगर पंचायत मिहींपुरवा में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया रहे ।तिरंगा यात्रा गल्ला मंडी से शुरू होकर मोतीपुर वन बैरियर पर समाप्त हुई ।इस दौरान देशभक्ति के गीत में लोग शराबोर होकर देशभक्ति के नारे लगाते रहे ।विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा कार्यकताओं और नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा



लिया। देश की आजादी में अपना योगदान देने वालों को याद करके नमन किया गया ।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गायघाट धनीराम लोधी, निक्की जिंदल, सतीश पोरवाल, रामादल मौर्या, गुड्डू लोधी, शुभ जिंदल,विरेन्द्र गुप्ता, महिला मोर्चा से श्रीमती रामावती सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# सियार के हमले से बुजुर्ग महिला की मौत



- हुसैन का पुरवा में खेत में काम करते समय पर किया था जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, सलोन कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। हुसैन का पुरवा गांव की 65 वर्षीय महादेवी की सियार के हमले से मौत हो गई। घटना जब महादेवी खेत में काम कर रही थीं। सियार ने अचानक महादेवी पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। परिजन तुरंत उन्हें सलोन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां के डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रायबरेली रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान महादेवी की मौत हो गई।

# डीएम की सख्ती का दिखा असर, भारत नेपाल सीमा पर जब्त की गई 70 बोरी उर्वरक

**04 आटो हुए सीज, अभियुक्तों को भेजा गया जेल**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच।कृषि विभाग की सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम द्वारा लौकाही क्षेत्र में गश्त के दौरान लखीमपुर खीरी से लाकर बहराइच के जरिए नेपाल भेजने की फिराक में ड्राइवर सहित चार ऑटो तथा चारो आटो पर लदी हुई 70 बोरी उर्वरक को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। चारों आटो ड्राइवर लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं।ड्राइवर द्वारा बताया गया कि यह उर्वरक लखीमपुर खीरी से लायी जा रही थी। पुलिस द्वारा चारों आटो को सीज करने के साथ-साथ सभी चारों अभियुक्तों को जेल में भेज दिया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद के कृषकों को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से कृषि, पुलिस व एसएसबी टीम के



समन्वय से हुई कार्रवाई में 70 बोरी उर्वरक को सीज किया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि डीएम के अनुमोदनोपरान्त थाना मोतीपुर में सभी अभियुक्तों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है साथ ही बरामद उर्वरक को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार पुलिस व एसएसबी की टीमें लगातार सीमा पर नजर रख रही है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित उर्वरक दुकानों के स्टाक व बिक्री की नियमित जांच की जा रही है। पुराना स्टॉक खत्म होने पर ही दूसरी खाद की आपूर्ति की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने किसानों से अपील की है कि वह आवश्यकतानुसार ही यूरिया क्रय करें।थाना मोतीपुर क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों की अधिक संभावना को देखते हुए लगातार छापामारी की कार्यवाही जारी रहेगी। दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि ई पास मशीन के साथ ही नियमानुसार खाद की बिक्री करें। गाइडलाइन के विपरीत पाए जाने पर संबंधित पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने से अवांछित कार्य में सम्मिलित व्यक्तियों में हड़कंप मच गया है।

## संक्षेप

### बिजली घर पर 4 गांव के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में बिजली की समस्या से परेशान चार गांवों के निवासियों ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया। भट्टा, उस्मानपुर, मुतैना और सक्का गांव में पिछले डेढ़ महीने से कई ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। बिजली न होने से लोगों को रात में सोने में परेशानी हो रही है। किसानों की धान समेत अन्य फसलों की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है। आनंद दरोगा, हतेंद्र, रामवीर, सुभाष, वहीद, नाजिम, सुनीता और चित्रा सुमित समेत सैकड़ों ग्रामीण बिजली घर पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और लापरवाही का आरोप लगाया। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही प्रदर्शनकारी वहां से हटे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### रेस्टोरेंट कर्मचारी से युवकों ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, थाना वेव सिटी इलाके में दबंगई का एक और मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट में सलाद को लेकर हुए मामूली विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि दबंग किस्म के कुछ लोग रेस्टोरेंट पहुंचे और मैनेजर के साथ जमकर मारपीट की। घटना रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि आरोपियों ने बिना किसी डर के हाथापाई की। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये लोग खुद को एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा बताते हैं और अक्सर इलाके में दबंगई करते हैं। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है, जिसके आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। वेव सिटी थाना इंचार्ज ने बताया कि आरोपी युवक ने ऑन लाइन डिलीवरी के जरिए खाना ऑर्डर किया था डिलीवरी बॉय खाना लेकर तो पहुंच गया लेकिन रेस्टोरेंट मैनेजर प्याज रखना भूल गया, जिसको लेकर आरोपी युवक नाराज हो गए, और होटल पर जाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया, इस पूरे मामले में शिकायत दर्ज कर ली गई है आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

बागपत, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ौत, दाहा, भड़ल, दोघट, खेकड़ा और बालैनी क्षेत्र के किसान शामिल हुए। सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों पर तिरंगा लेकर कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। किसानों ने कलेक्ट्रेट में पंचायत का आयोजन किया। इसके बाद वे अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप ने किया कई स्थानों पर ध्वजारोहण

अमन लेखनी समाचार

झांसी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ झांसी में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने कई स्थानों पर ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी से जाति पाति से ऊपर उठकर वतन को सबसे प्राथमिकता पर रखने की अपील की। श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज सीपरी बाजार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप सरावगी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का यह दिन हमें सैकड़ो हजारों लोगों की आजादी की लड़ाई में दी गई कुबार्नी के बाद मिला है, इसलिए इस दिन को उसकी महत्ता के अनुसार बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जो खुद के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए जीता है, वह अमर हो जाता है। डॉक्टर संदीप ने कहा कि आजादी की लड़ाई में बेटियों का भी कम



योगदान नहीं है, इसलिए हमें बेटियों को कमतर नहीं आंकना चाहिए। संघर्ष सेवा समिति हमेशा से बेटियों का सम्मान करती आई है। समाज से जाति-पाति का भेदभाव मिटाने के लिए ही हमने समाज के सबसे अंतिम पायदान पर बैठे वर्ग की बेटियों के पैर धोकर उन्हें विदा किया है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि आज के दिन हम इस बात का वचन देते हैं कि यदि किसी भी बेटी को पढ़ाई में, खेलकूद में, विवाह में कोई भी समस्या आती है, तो वह निसंकोच हमारे पास आ सकती है। उन्होंने मौजूद छात्राओं से भी अपने आसपास यह संदेश फैलाने की अपील की कि यदि उनके संपर्क में कोई ऐसी बेटी आती है, तो वह उसे उनके कार्यालय एसएम टावर झोकन बाग में भेज सकती हैं। इसी क्रम में बजाजा बाजार सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हरगोविंद कुशवाहा राज्य मंत्री, रवि शर्मा सदर विधायक, डॉ. संदीप सरावगी, महापौर बिहारी लाल आर्य आदि ने ध्वजारोहण किया। सभी अतिथियों ने मौजूद व्यापारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, मनोज ताम्रकार, आशीष विश्वकर्मा, सूरज प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रमों के क्रम में डॉ. संदीप सरावगी ने बबीना में आकांक्षाएं चैरिटेबिल ट्रस्ट का भव्य शुभारंभ किया। बताते चलें कि ग्राम बुढ़पुरा ब्लॉक बबीना जनपद झांसी में स्थित आकांक्षाएं चैरिटेबिल ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. संदीप सरावगी हैं, जो संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक भी हैं। इस ट्रस्ट की अध्यक्ष आकांक्षा सिंह, एचआर उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, सचिव के रूप में प्रमोद सिंह ₹सहारा₹ सह सचिव मुकेश सोनी आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार श्री गहोई वैश्य पंचायत के तत्वाधान में सुभाषगंज स्थित श्री गोविंद मंदिर में स्वतंत्रता दिवस समारोह में श्री गहोई वैश्य पंचायत के पंच संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित समस्त समाज के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की महत्ता से अवगत कराते हुए सभी को इस दिवस की बधाई दी।

# धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

## मध्य रात्रि में घंटा शंखनाद के साथ मनाया गया जन्मोत्सव



अमन देखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। समूचे विश्व के साथ-साथ देश प्रदेश तथा जनपद के सभी क्षेत्रों में सनातन धर्म का पावन पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत थाना चांदपुर पुलिस चौकी अमौली समेत क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव बुढ़वां में स्थापित श्री राधा कृष्ण एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में दिव्य झांकियों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ बुढ़वां गांव में स्थापित बाबा ब्रह्मदेव फक्कड़ बाबा राम दरबार श्री राधा कृष्ण मां काली जी समेत सभी मंदिरों में डीजे की धुन सुनाई दी जगह-जगह हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नारे गूंजते रहे लक्ष्मी नारायण मंदिर में कानपुर महानगर सेपहुंचे मंदिर के वर्तमान सर्वराकार राम जी श्याम जी ओमर ने मध्य रात्रि में वैदिक पूजन कर महा आरती संपन्न की मंदिर प्रांगण पर मौजूद आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ल शोभित शुक्ल शिव प्रसाद कश्यप संतोष सचान पूर्व प्रधान राम प्रकाश सचान उमाकांत सचान भुवनेश्वर तिवारी समेत भारी संख्या में पहुंचे भक्त गणों ने महा आरती में सम्मिलित होकर महाप्रसाद को ग्रहण किया इसी प्रकार गांव के अन्य मंदिरों में भी भक्त गणों ने पहुंचकर महाप्रसाद को ग्रहण कर पुण्य में भागीदारी निभाईं वही अमौली चौकी में चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह प्रकाश वीर आर्य अजय सोनकर चौकी में मौजूद सभी आरक्षी गण तथा उमेश त्रिवेदी समेत गांव क्षेत्र के भक्तगणों ने सुंदर-सुंदर भजन संग्रह का महा आनंद प्राप्त करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया

# गरौठा से चित्रकूट धाम के लिए पदयात्रा पर निकला सैकड़ों भक्तों का जत्था

## पूर्व गरौठा विधायक डमडम महाराज ने पुष्प वर्षा कर किया सभी का स्वागत

अमन लेखनी समाचार



गरौठा,झांसी। पवित्र भाद्रपद मास की अमावस्या पर चित्रकूट धाम स्थित भगवान कामतानाथ जी के दर्शनों और परिक्रमा के लिए कस्बा गरौठा से सैकड़ों की संख्या में भक्तों का पैदल जत्था रवाना हो गया। इस अवसर पर कस्बा के टोला तिगैला पर पूर्व गरौठा विधायक बृजेंद्र व्यास उर्फ डमडम महाराज ने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस दौरान पूर्व गरौठा विधायक ने सभी भक्तों को फल वितरित करते हुए उनकी मंगल यात्रा की कामना की।मेले में शामिल महिलाओं,पुरुषों एवं बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा में शामिल लोगों ने बताया कि यह मेला 2004 में पहली बार चित्रकूट गया था जिसमें केवल 22 श्रद्धालु ही शामिल थे फिर धीरे-धीरे भक्तों का मेला हर वर्ष बढ़ता चला गया।पैदल यात्रा करते हुए सभी श्रद्धालु चार से पांच दिन में चित्रकूट धाम पहुंच जाते है।इस अवसर पर संपूर्ण वातावरण में धार्मिक उत्साह व भक्ति का माहौल देखने को मिला।इस मौके पर समाजसेवी सुशील विश्वकर्मा (सोनू) लल्ला यादव पसौरा ,राजीव कौशिक, अमित सेंगर, भूपेन्द्र सिंह सेंगर, आशु परिहार, हरि शंकर खरे सहित बड़ी संख्या में नगरवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# नागर से ओरछा धाम तक पैड़ भरकर गए श्रद्धालुओ का ग्राम प्रधान ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। ग्राम पंचायत नागर से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा धाम तक पैड़ भरकर गए तीन श्रद्धालुओं मंशाराम चौधरी, बृजपाल सिंह व अत्तू शर्मा को ग्राम प्रधान नागर अनुज कुमार द्विवेदी ने फूल माला पहनाकर गाजे बाजे के साथ पुष्प वर्षा करते हुए रवाना किया। ग्राम प्रधान अनुज द्विवेदी ने बताया की तीनों श्रद्धालु आठ दिन में राम राजा सरकार की नगरी ओरछा धाम पहुंचेंगे ।ये अपनी संपूर्ण यात्रा लेटकर पैड़ भरते हुए पूरी करेंगे जो बड़ा कठिन कार्य है। ग्राम प्रधान सहित सभी ग्राम वासियों ने तीनों भक्तों के सुरक्षित पहुंचने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।इस मौके पर ग्राम की महिलाओं सहित बबलू महाराज, महेंद्र महाराज, करोड़े



कुशवाहा, लक्ष्मण पटवा, सुशील श्रीवास, सुक्कू चौधरी, रतिराम, रामाधार, पुण्टे चौधरी, सुनील गुप्ता, अरविंद श्रीवास, सत्यवीर पाल, कालीचरण जोशी, पुरन चौधरी बल्देव भोला, राजेश चौधरी, स्वामी चौधरी, अशोक चौधरी देवेंद्र कुमार, राजू शर्मा, कैलाश पाल, अशोक कुशवाहा, हरीशचंद्र, मनीष, मनोज, दीपू शर्मा, जीतू, नरेन्द्र, रामबाबू, मंगली चौधरी, भूरे, पन्ना लाल, संतराम बरार आदि लोग मौजूद रहे।

# चेकिंग के दौरान सिपाही ने युवक को जड़े थप्पड़

## बागपत में बाइक सवार से गाली-गलौज की, सिपाही लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार



बागपत, जिले के खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में डायल 112 पर तैनात एक सिपाही का बाइक सवार युवक से दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। वीडियो में सिपाही पहले युवक को गालियां देता है, फिर थप्पड़ मारता नजर आ रहा है। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में दिख रहा सिपाही आशीष कुमार हैं, जो तीन साल से डायल 112 में कार्यरत है। सिपाही युवक को धमकाते और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते दिख रहा है। कुछ ही सेकेंड बाद वह युवक के चेहरे पर एक के बाद एक थप्पड़ जड़ते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी फैल गई और दोषी सिपाही पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रात्रि में दो पहिया वाहन डायल 112 खेकड़ा एरिया में चल रही थी। आदेश है कि रात्रि में संदिग्ध वाहनों दो पहिया वाहन पर तीन सवारियों को चेक किया जाए। सभी तीन लड़के एक बाइक पर आए और शराब के नशे में थे। जब आरक्षी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उनका व्यवहार ठीक नहीं था। लेकिन आरक्षी का व्यवहार भी ठीक नहीं था। आरक्षी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। सीओ खेकड़ा को जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

# ककरवई से कामतानाथ जी के लिए निकला भक्तों का मेला

## ग्राम प्रधान ने तिलक लगाकर व मिष्ठान देकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरौठा के ग्राम पंचायत ककरवई से रविवार को सैकड़ों भक्तों का पैदल जत्था चित्रकूट कामतानाथ जी के दर्शनों के लिए रवाना हो गया ।ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी द्वारा तिलक लगाकर एवं मिष्ठान देकर गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं को रवाना किया गया ।ग्राम प्रधान राजेंद्र तिवारी ने बताया की प्रति वर्ष भाद्रपद मास की अमावस्या पर क्षेत्र के सभी गांवों से सैकड़ों की संख्या में पदयात्रा करते हुए महिला,पुरुष एवं बच्चे भगवान कामतानाथ जी की परिक्रमा एवं दर्शनों के लिए चित्रकूट धाम जाते है ।ग्राम प्रधान सहित सभी लोगों ने ईश्वर से श्रद्धालुओं की मंगल यात्रा की



कामना की। ककरवई से इस वर्ष करीब 150 भक्तों का मेला कामतानाथ जी के लिए रवाना हुआ ।इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नोएडा में चलती कार में लगी आग

## ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, बॉटनिकल मेट्रो स्टेशन के पास हादसा

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा के सेक्टर-37 स्थित बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास रात एक बड़ा हादसा टल गया। यहां चलते-चलते एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब कार सेक्टर-37 की ओर से आ रही थी और बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से कुछ ही दूरी पर थी। कार के बोनट से पहले हल्का-हल्का धुआं निकलने लगा। शुरूआत में ड्राइवर को लगा कि शायद इंजन गर्म हो गया है, लेकिन कुछ ही सेकेंड में धुएं की मात्रा बढ़ने लगी और बोनट से लपटें उठने लगीं। ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगाया और दरवाजा खोलकर बाहर कूद गया। देखते ही



देखते आग ने जोर पकड़ लिया। पहले बोनट में लगी आग कुछ ही पलों में टायर तक पहुंच गई। हवा के कारण लपटें तेजी से फैलने लगीं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अगर ड्राइवर ने देर की होती तो आग पूरी कार को अपनी चपेट में ले लेती और शायद वह बाहर नहीं निकल पाता। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने दूरी बना ली। लोग अपने-अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाने लगे, लेकिन कुछ लोगों ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को फोन किया। सूचना मिलते ही पास के दमकल केंद्र से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने पहले कार के आसपास बैरिकेड लगाकर लोगों और अन्य वाहनों को सुरक्षित दूरी पर कर दिया। इसके बाद पानी की तेज बौछार और फोम का इस्तेमाल कर करीब 20 मिनट में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। पुलिस ने भी तुरंत मौके पर पहुंचकर बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-18 की ओर जाने वाले यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। ट्रैफिक को दूसरे रास्ते से डायवर्ट कर दिया गया ताकि दमकल और रेस्क्यू टीम को काम करने में परेशानी न हो। दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शुरूआती जांच में पता चला है कि कार के इंजन में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। इलेक्ट्रिक वायरिंग में खराबी के कारण बोनट में स्पार्क हुआ और लपटें उठने लगीं।

चूंकि यह घटना चलते वाहन में हुई, इसलिए आग तेजी से फैली। दमकल अधिकारियों का कहना है कि गाड़ी में आग बुझाने वाले छोटे यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) रखना जरूरी है। कई बार शुरूआती चिंगारी को तुरंत काबू में किया जा सकता है

# यमुना एक्सप्रेसवे के पास नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी

## 200 लीटर शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान में यमुना एक्सप्रेसवे के पास से नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मौके से 200 लीटर नकली शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस को सूचना मिली कि सलारपुर अंडरपास के पास एक खंडर मकान में नकली शराब की फैक्ट्री चल रही है। छापेमारी के दौरान चार लोग भागने लगे। पुलिस ने चीती गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पन्नू को पकड़ लिया। तीन आरोपी फरार हो गए। पूछताछ में पवन ने बताया कि वह अपने साथियों अनिल, छोटू, बिरजू और सुभाष के साथ रात में नकली शराब बनाता था। बोतलों पर नकली होलोग्राम और 'फॉर सेल इन यूपी' लिखे रैपर लगाए जाते थे। यह शराब आसपास के जिलों में बेची जाती थी। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार, पवन पहले भी अवैध गतिविधियों में शामिल रहा है। उस पर कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# व्यापार संघ ने किया सीएमओ का घेराव

## बैरिएट्रिक सर्जरी के बाद सपा नेता की मां की मौत, जांच रिपोर्ट में देरी पर हंगामा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, न्यूटिमा अस्पताल में बैरिएट्रिक सर्जरी के बाद सपा नेता की मां की मौत हुए एक महीना बीत चुका है, लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आई। इस देरी से नाराज व्यापारी संघ के सदस्य सीएमओ ऑफिस पहुंचे और प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि प्रशासन ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ऋषि सिंघल को बचाने की कोशिश कर रहा है। मृतका रजनी गुप्ता के बेटे सनी गुप्ता का कहना है कि ऑपरेशन के बाद उनकी मां ठीक थीं, लेकिन टांके लगाने में डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी मौत हो गई। उन्होंने इसे सीधी हत्या करार दिया और कहा कि वे इस मामले में न्याय लेकर रहेंगे। प्रदर्शनकारियों के साथ व्यापारी नेता आशु शर्मा सीएमओ दफ्तर पहुंचे थे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर जांच रिपोर्ट नहीं मिली तो वे




सीएमओ कार्यालय पर धरने पर बैठेंगे। उनका कहना है कि एक महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन सही जांच नहीं कर पाया है, जो गंभीर सवाल खड़े करता है। सनी गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी मां यह ऑपरेशन नहीं कराना चाहती थीं। लेकिन डॉक्टर और उनके लिए कॉल करने वाली महिलाओं ने लगातार दबाव बनाया और ब्रेनवॉश किया। इतना ही नहीं, उन्हें यह लालच भी दिया गया कि अगर दो सर्जरी एक साथ कराई जाएं तो खर्चा कम होगा।

# छात्रा के माथे पर टीका लगाने का विवाद

- गाजियाबाद के कन्या इंटर कॉलेज में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, पुलिस ने स्थिति संभाली

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में उस समय हंगामा मच गया, जब हिंदू संगठनों के लोग बड़ी संख्या में स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए। उनका आरोप है कि 9वीं कक्षा की एक छात्रा को माथे पर टीका लगाने की वजह से कई बार क्लास से और एक-दो बार स्कूल से भी बाहर कर दिया गया। इस बात से नाराज परिजन और संगठन के लोग सीधे स्कूल पहुंचे और शिक्षिकाओं से बहस शुरू कर दी। छात्रा के परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी हमेशा टीका लगाकर स्कूल जाती है, जिस पर कुछ शिक्षिकाएं बार-बार आपत्ति जताती हैं। उन्होंने बताया कि टीका लगाने को लेकर बेटी को कई बार क्लास से बाहर भेजा गया हिंदू संगठनों का आरोप है कि यह धार्मिक आस्था से छेड़छाड़ है, जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, छात्रा को कई बार होमवर्क न करने पर क्लास से बाहर भेजा गया था। टीका लगाने की वजह से नहीं, बल्कि पढ़ाई में लापरवाही के चलते शिक्षिकाओं ने उसे समझाया था कि पढ़ाई पर ध्यान दो। पुलिस का कहना है कि टीका लगाने को लेकर कोई लिखित शिकायत स्कूल में दर्ज नहीं हुई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पक्षों को शांत कराया। कन्यावती इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. विभा चौहान ने कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना की पहले जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोई समस्या थी तो पहले स्कूल प्रशासन से बात करनी चाहिए थी, न कि अचानक आकर माहौल खराब करना। पुलिस मामले की जांच कर रही है

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

